राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की 58वीं बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 25.07.2018 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 58वीं बैठक श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक(प्रबं.प्रशि.सं./ राजभाषा/ मासंवि), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । अध्यक्ष महोदय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एमसीएल भारत सरकार की राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए राजभाषा लक्ष्यों के अनुरूप अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करना आवश्यक है ताकि भारत सरकार द्वारा बतौर सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम एमसीएल को सौंपे गए दायित्व का निर्वाह ठीक ढंग से किया जा सके।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक द्वारा एमसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में चलाए जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, साथ ही उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम के अनुरूप क्षेत्रों में राजभाषा कार्यशाला एवं तिमाही कार्यान्वयन समिति की बैठक के आयोजन हेतु सुझाव दिया।

श्री बी.आर.साहू कलिहारी,सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री कलिहारी ने बैठक का संचालन करते हुए 28.04.2018 को आयोजित पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की। इसके साथ पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से मार्च एवं जून,2018 तिमाहियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी बैठक में समीक्षा की गई।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष/नामित राजभाषा अधिकारीगण,क्षेत्रीय मुख्य राजभाषा अधिकारी/ नामित राजभाषा अधिकारी तथा सहायकगण बैठक में उपस्थित हुए।

बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुईं एवं तत्संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। श्रीमती तूलिका बिश्वास,प्रबंधन प्रशिक्षु(राजभाषा),मुख्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

MCL

डॉ. हरिश्चंद शर्मा

डॉ. हरिश्चंद शर्मा

MCL
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक